# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688 | जिलों से संभाग तक का सच | email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-9 | अंक-11 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 12 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025 | | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8


# न्याय की जीत अधूरी!





SPECIALREPORT

## भूमाफिया के आगे फिर बेबस प्रशासन, पीड़ित परिवार को जान का खतरा

**इंदौर।** भूमाफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की पोल खुल गई है। एक तरफ जहाँ प्रशासन न्याय दिलाने का दावा करता है, वहीं दूसरी तरफ भूमाफिया और दबंग कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं। एक गरीब परिवार के लंबे संघर्ष के बाद मिली जमीन का कब्जा प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अब फिर खतरे में है यह घटना सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि इस बात का सबूत है कि क्या इस लोकतंत्र में कानून का राज रहेगा या माफियाओं का ?

यह कहानी है छोटेलाल जाटव और उनके बेटे चंदर जाटव की, जिन्हें 24 जुलाई 2025 को कलेक्टर के आदेश पर अपनी दो बीघा जमीन का कब्जा वापस मिला था। यह वही जमीन थी जो साल 2000 में सरकार ने छोटेलाल को कृषि के लिए आवंटित की थी, लेकिन दबंगो ने उस पर अवैध कब्जा कर लिया था। 'संभाग पोस्ट' के दबाव और लगातार खबरों के प्रकाशन के बाद, प्रशासन हरकत में आया और न्याय की जीत हुई। दस्तावेजों की जाँच में साफ हो गया कि चंदर के कागज असली थे, जबकि कब्जा करने वालों के दस्तावेज फर्जी थे।



दिनांक 03/08/2025

प्रति
थाना प्रभारी महोदय
चौकी कम्पेल थाना खुड़ैल जिला इन्दौर

विषय: मुझ आवेदक के कृषि भूमी पर अवैध कब्जा कर गबन में अवरन रह कर जान से मारने की शिकायत।

महोदय मैं चन्दर जाटव पिता छोटेलाल जाटव निवासी ग्राम आमनिया रहूं [illegible] मेरे कृषी भुमी 7919 रकबा 0.500 [illegible] है जिस पर सरपंच परिवार के द्वारा अवैध कब्जा कर प्लाट काट दिये गये थे। जिसमें श्रीमान नायाब तहसीलदार न्यायालय के प्रकरण क्र 0013/अ-70/2023-24 में दिनांक 02/7/25 को मेरे पक्ष में फैसला कर 24/7/25 को कब्जा दिया गया था. जिस आज दिनांक 03/08/25 को शंकरलाल जोशी मनोज जोशी एवं पार्वती जोशी के द्वारा तार फेंसीग तोड़कर कब्जा कर लिया गया है जब मेरे द्वारा रोके जाने पर गाली गलोज कर जान से मारने की धमकी दी।

अत: श्रीमान से निवेदन है कि मुझ पिड़ित के इस विषय की जॉच कर उचित कार्यवाही की जाए।

प्रार्थी

संलग्न
तहसीलदार ऑर्डर एवं
भूमि संबंधित दस्तावेज

चन्दर जाटव
मो० 99267777[illegible]13

03/08/25

लेकिन, न्याय की यह जीत केवल कुछ दिनों तक ही कायम रही। 3 अगस्त 2025 को दबंगों ने चंदर की हिम्मत तोड़ दी। उन्होंने न सिर्फ उनकी जमीन पर लगाई गई तार फेंसिंग उखाड़ दी, बल्कि वहाँ अपने नाम का बोर्ड लगाकर कब्जा जमाने की कोशिश की। जिन लोगों को दबंगो ने प्लॉट बेचे थे, वे भी अब इस परिवार को लगातार परेशान कर रहे हैं। पिछले 5 साल से लकवाग्रस्त छोटेलाल जाटव बिस्तर पर हैं, और उनका बेटा चंदर न्याय की लड़ाई में अकेला खड़ा है। चंदर का कहना हे की कलेक्टर साहब के आदेश पर तहसीलदार साहब ने जमीन का कब्जा तो दिलाया, लेकिन ऐसा लगता है जैसे उन्हें एक भेड़िये से छुड़ाकर दस भेड़ियों के बीच खड़ा कर दिया गया हो।








प्रशासन से सवाल है कि जब इतनी मेहनत और कानूनी प्रक्रिया के बाद एक पीड़ित को न्याय मिलता है, तो उसकी सुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं की जाती ? क्या यह लोग प्रशासन से भी ज्यादा ताकतवर हैं कि वे बिना किसी डर के किसी की भी ज़मीन पर कब्जा कर सकते हैं ? कलेक्टर के आदेश के बाद इस प्रकार की घटना सीधे तौर पर प्रशासन की ढिलाई और पुलिस की लचर कानून व्यवस्था को दर्शाता है। पीड़ित परिवार लगातार जान का खतरा महसूस कर रहा है, लेकिन अभी तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर इन दबंगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। यह सिर्फ एक परिवार की जमीन का मामला नहीं है, बल्कि यह कानून के राज और प्रशासन की साख का सवाल है। अगर आज इस मामले में कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में कोई भी गरीब व्यक्ति न्याय के लिए लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगा।




https://youtu.be/gtcN6-nOc2Q




https://youtu.be/idoqrrWKnZg




https://youtu.be/bf4x5ELcMSw

**खबर की वीडियो देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें**

https://youtu.be/bf4x5ELcMSw

## सुविचार

छोटा सा बदलाव ही जिंदगी की एक बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।

## संपादकीय

# रक्षा मंत्री का संदेश

मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के उमरिया गांव में बीइएमएल ( भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ) की ब्रह्मा रेल कोच फैक्टरी की आधारशिला रखते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद, तेज गति से हो रहे भारत के विकास और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जो टिप्पणियां कीं, वे मौजूदा संदर्भ में तो महत्वपूर्ण हैं ही, इनके जरिये उन्होंने ठोस संदेश भी दिया है. रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले हम अपनी रक्षा जरूरतों, यानी युद्धक विमानों और हथियारों के लिए ज्यादातर विदेशी आपूर्ति पर निर्भर थे. लेकिन बहुत से रक्षा उत्पाद अब देश में निर्मित हो रहे हैं. आज हम 24,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है. यह नये भारत का नया रक्षा क्षेत्र है और निर्यात लगातार बढ़ रहा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि टैरिफ विवाद का रक्षा क्षेत्र की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है. गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद, जिससे भारत पर टैरिफ का कुल बोझ 50 प्रतिशत हो जायेगा, भारत ने नये अमेरिकी हथियार और विमान खरीदने की योजना तो रोक ही दी है, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा भी रद्द कर दिया गया है. पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां आये आतंकवादियों ने धर्म पूछकर लोगों को मार डाला. लेकिन हम किसी को धर्म पूछकर नहीं, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि भारत उकसाने वाले को नहीं छोड़ेगा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, कुछ लोग भारत की तेज प्रगति से खुश नहीं हैं. वे सोचते हैं कि सबके बॉस तो हम हैं, फिर भारत इतनी तेजी से तरक्की भला किस तरह कर रहा है? रक्षा मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ देश यह कोशिश कर रहे हैं कि भारत में बनी चीजें महंगी हो जायें, ताकि दुनिया उन्हें न खरीदे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनकी मांग कम हो जाये और वे प्रतिस्पर्धी न रह जायें. लेकिन भारत इतनी तेजी से प्रगति कर रहा है कि दुनिया की कोई भी ताकत उसे बड़ी शक्ति बनने से नहीं रोक सकती है. ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त टैरिफ थोपने की पृष्ठभूमि में रक्षा मंत्री की ये टिप्पणियां मजबूत भारत की दढ़ इच्छाशक्ति के बारे में बताती हैं.

आपका अपना विश्वसनीय अखबार...
हमेशा आपके साथ
संभाग पोस्ट
आप हमसे अपनी समस्याओं को सांझा कर सकते हैं
बगैर किसी खौफ के विडियो, फोटो,
दस्तावेज के माध्यम से हमारे वाट्सअप नम्बर पर
और संभाग पोस्ट के पाठक सदस्य भी बन सकते हैं...
एक वर्ष की सदस्यता लेने पर
अखबार फ्री... तीन विज्ञापन फ्री...
पाठक सदस्यता आईडी कार्ड फ्री...
न्यूज चैनल पर एक एड फ्री....
सम्पर्क 9009919948

# इंदौर के एडवोकेट डॉ पंकज वाधवानी ने अर्जित की २१वीं एकेडमिक डिग्री

## लॉ में डबल नेट, आठ विषयों में एम.ए , ६ डिग्रियों में यूनिवर्सिटी टॉपर

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा एमए हिंदी साहित्य के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए है जिसमें शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्र डॉ पंकज वाधवानी ( एडवोकेट एवं लॉ प्रोफेसर ) ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर आठ विषयों , इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतीशास्त्र, लोक प्रशासन, ज्योतिष शास्त्र, दर्शन शास्त्र, हिंदी साहित्य जैसे आठ विषयों में एम ए पूरे कर लिए। यह डॉक्टर वाधवानी की 21वीं अकैडमी डिग्री है विशेष बात यह है कि उपरोक्त डिग्रियों में से 6 डिग्रियों में डॉ.वाधवानी यूनिवर्सिटी में टॉपर रहे हैं और अनेक गोल्ड मेडल प्राप्त हुए हैं।**




उल्लेखनीय है इसके पूर्व वाधवानी द्वारा बी कॉम, एलएलबी (विश्वविद्यालय में मेरिट लिस्ट में प्रथम एवं तीन स्वर्ण पदक), एलएलएम (यूनिवर्सिटी टॉपर), मास्टर इन जनरलिज्म, एमए (समाजशास्त्र),एमए (अर्थशास्त्र), एमए (राजनीति शास्त्र), एमए (इतिहास), एमए (लोक प्रशासन), एमए (ज्योतिष विज्ञान), एमबीए (एचआर),मानव संसाधन में डिप्लोमा(विश्वविद्यालय में मेरिट लिस्ट में प्रथम), डिप्लोमा इन साइबर लॉ, पत्रकारिता एवं जनसंचार (विश्वविद्यालय में मेरिट लिस्ट में प्रथम), पीएचडी,एमए (दर्शनशास्त्र),एमए (हिंदी साहित्य)आदि अनेक परीक्षाओं में मेरिट में तथा छह परीक्षाओं के मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, साथ ही विधि विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) दो बार उत्तीर्ण करने वाले एडवोकेट डॉ. पंकज वाधवानी मध्य प्रदेश में एकमात्र हैं। इसके अतिरिक्त दो वाधवानी ने 100 से अधिक सर्टिफिकेट कोर्स भी किए हैं।

एडवोकेट डॉ पंकज वाधवानी की इस उपलब्धि पर , इंदौर के लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी,भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, इंदौर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एलएल यादव , सचिव कपिल बिरथरे ,हाईकोर्ट बार संगठन के अध्यक्ष रितेश इनानी, सीनियर एडवोकेट अमर सिंह राठौड़, हर्ष कुमार सक्सेना,एडवोकेट दुर्गेश शर्मा, राहुल सुखानी, संस्था न्यायाश्रय के अध्यक्ष अजय सिंह भारती, हर्षित महावर, रवि उकरडे, उषा वैष्णव, विनोद वर्मा , हरिओम, सेफ, सहित इंदौर सिंधी समाज के ईश्वर झामनानी, अनिल फतेहचंदानी, गुलाब ठाकुर अनेक गणमान्य नागरिकों ने आदि ने बधाई दी।




## हेलमेट है तो जीवन है...और केक भी

# बच्चों ने हेलमेट पहनकर केक काटा

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश 'बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं' का असर अब केवल पेट्रोल पंपों तक सीमित नहीं रहा। शहरवासियों ने इसे जीवनशैली का हिस्सा बना लिया है। बीती रात काटजू कॉलोनी क्षेत्र में नित्या और निखिल का 12वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने हेलमेट पहनकर के काटा। कार्यक्रम में खास आकर्षण रहा 'हेलमेट कटिंग सेरेमनी', जिसमें केक काटने से पहले जन्मदिन का लड़का अपने दोनों हाथों में हेलमेट पहनकर मोमबत्तियाँ बुझाता नज़र आया। मेहमानों को 'कोल्ड ड्रिंक' भी स्ट्रॉ की बजाय हेलमेट के शीशे के नीचे से पिलाई गई। एक बच्चे ने तो शिकायत करते हुए कहा – 'केक तो स्वादिष्ट था, लेकिन हेलमेट के अंदर से खाने में थोड़ा प्लास्टिक का फ्लेवर आ रहा था।' इवेंट मैनेजर का कहना है कि अगले महीने होने वाली शादी में भी 'फेरों में प्रवेश से पहले दूल्हा-दुल्हन को हेलमेट पहनना अनिवार्य' किया जाएगा, ताकि दूल्हे का सर दुल्हन के बेलन से सदैव सुरक्षित रहे और प्रेम की गाड़ी हमेशा सही लेन में चले।

# रीना की राखी जीतू की कलाई से मना भाई-बहन का रक्षा बंधन - किया रक्षा का वादा

## जीतू की कलाई पर रीना ने बांधी ओर मनाया भाई-बहन का रक्षा बंधन - किया रक्षा का वादा

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

खजराना गणेश मंदिर में कांग्रेस नेत्री रीना बौरासी सेतिया द्वारा आयोजित सांस्कृतिक मूल्यों, आपसी स्नेह और विश्वास के प्रतिक भाई बहन के पवित्र बंधन का त्योहार 'रक्षाबंधन उत्सव' मनाया गया इस आयोजन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए कांग्रेस नेत्री ने जीतू पटवारी को तिलक किया और कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई इस दौरान चिंटू चौकसे,राजू भदौरिया, केदार पटेल,हिमानी सिंह,गब्बर पटेल,प्रहलाद डाबी, दिनेश कछालिया, वसीम वसिउद्दीन,अर्जुन सांखला,लक्ष्मीनारायण ओर अनेक समर्थक मौजूद रहे।



# रिटायर्ड जस्टिस के घर 4 मिनट में 5 लाख की सनसनीखेज चोरी, सोता रहा बेटा

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर के रिटायर्ड जस्टिस रमेश गर्ग के घर से तीन बदमाशों ने मात्र 4 मिनट 10 सेकंड में 5 लाख रुपये से अधिक नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे प्रगति पार्क कॉलोनी में हुई। अलमारी का ताला तोड़ते ही अलार्म बजा, लेकिन पास के कमरे में बेड पर सो रहे जस्टिस के बेटे ऋत्विक की नींद नहीं खुली। बदमाश पूरी वारदात को अंजाम देकर आराम से निकल गए। यह पूरी घटना कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार रात केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### गार्ड मौजूद, फिर भी बदमाश घुसे बंगले में

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि बदमाश सुबह 4 बजे लोहे की ग्रिल काटकर घर में घुसे। उस समय बंगले में गार्ड मौजूद था, लेकिन तीनों आरोपी लट्ठ, टॉमी और अन्य औजार लेकर अंदर आ गए। वे सीधे ऋत्विक के कमरे में पहुंचे, जबकि उनकी पत्नी बहू और बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब ऋत्विक की पत्नी उठीं, तो कमरा अस्त-व्यस्त था, अलमारी खुली थी और नकदी व जेवर गायब थे।

### अलार्म बजा, फिर भी पकड़े नहीं गए आरोपी

अलमारी का ताला टूटते ही घर में अलार्म बज उठा, लेकिन आरोपियों ने बिना जल्दबाजी के चोरी पूरी की। उन्होंने पहले से ही ग्रिल काटने के औजार और हथियार तैयार रखे थे। घटना के दौरान किसी ने भी संदिग्ध हरकत महसूस नहीं की, और बदमाश चार मिनट में काम खत्म कर भाग निकले। वारदात का तरीका बताता है कि आरोपी पेशेवर अपराधी हैं, जो घर और सुरक्षा व्यवस्था की पहले से रेकी कर चुके थे।

### मौके से नहीं मिला कोई सुराग

चोरी की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी ग्रामीण रूपेश द्विवेदी, डीएसपी मुख्यालय उमाकांत चौधरी, स्निफर डॉग और एफएसएल एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घर और आसपास की बारीकी से तलाशी ली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आरोपियों ने हैंड ग्लव्स पहने थे, जिसके कारण फिंगरप्रिंट के निशान भी बरामद नहीं हो सके। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## अधूरे ब्रिज से गिरे युवक की मौत के विरोध में व्यापारियों ने दुकानें बंद की, अफसरों को चाबी देने गए



■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर के मालवा मिल-पाटनीपुरा ब्रिज से गिरकर एक बाइक सवार युवक की मौत से क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश है। मंगलवार को उन्होंने दुकानों पर ताले लगाए और चाबियां देने जा पहुंचे नगर निगम कार्यालय। अफसरों ने चाबियां तो नहीं ली, लेकिन व्यापारियों से कहा कि सितंबर माह तक ब्रिज पूरा हो जाएगा और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा। व्यापारी मनोज सोमवंशी ने कहा कि अब तक ब्रिज का निर्माण पूरा होना था, लेकिन आधा भी नहीं बन पाया है। ब्रिज बनने के कारण मार्ग का ट्रैफिक बंद है। हमारी ग्राहकी भी नहीं हो पा रही है। दीपावली, रक्षाबंधन जैसे पर्व के समय व्यापारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। मार्ग बंद होने से ग्राहक ही नहीं आ पा रहे हैं। रविवार रात एक दोपहिया वाहन चालक नाले में गिरकर घायल हो गया। लोगों ने उसे नाले से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। ब्रिज के आसपास बेरिकेड भी नहीं लगाए गए थे। इस कारण यह हादसा हुआ। इस नाले के पास लगे पाइपों से रोज लोग जान को ताक पर रखकर निकलते है। दरअसल ब्रिज के समीप कोई डायवर्शन तैयार नहीं किया गया। वाहन चालकों को दो किलोमीटर घूम कर निकलना पड़ता है।


### बेरिकेड की जगह लगाए मिट्टी के ढेर

नगर निगम पुराने ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बना रहा है। नाले के दोनों तरफ ठेकेदार ने बेरिकेड लगाने के बजाए मिट्टी के बड़े ढेर लगा दिए। ठेकेदार का कहना था कि पहले शेड भी लगाए थे, लेकिन वे चोरी हो गए। इस कारण मिट्टी के ढेर लगाकर रास्ता रोका गया था।

## फरार अनवर कादरी की पार्षदी समाप्त करने के लिए जारी किया नोटिस

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

लव जिहाद की फंडिंग के मामले में आरोपी बने पार्षद अनवर कादरी लंबे समय से फरार है। अब उसे पार्षद पद से हटाने की तैयारी की जा रही है। महापौर परिषद बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। उधर संभागायुक्त दीपक सिंह ने भी शोकाज नोटिस जारी किया है।



कादरी को 25 अगस्त तक अपना पक्ष रखने को कहा गया है। यदि तय समय तक कादरी की तरफ से जबाव नहीं आता है तो फिर उसे पार्षद पद से मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 20 जून को संभागायुक्त को आवश्यक दस्तावेजों के साथ कादरी की पार्षदी खत्म करने के लिए एक पत्र भेजा था। पत्र में कहा गया था कि कादरी के विरूद्ध देशद्रोही एवं कई अपराधिक मामले थानो में दर्ज है। अपराधिक प्रवृत्ति का होना के साथ कादरी ने लव जिहाद को बढ़ावा देने के लिये एक सम्प्रदाय विशेष के युवकों को पैसा फडिंग दिया गया। संभागायुक्त ने पुलिस विभाग से भी कादरी के आपराधिक प्रकरणों की जानकारी मांगी थी। विभाग ने कादरी पर दर्ज प्रकरणों के अलावा उस पर 20 हजार का ईनाम होने की घोषणा की जानकारी भी दी है। अब संभागायुक्त ने पार्षद कादरी के खिलाफ नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि तुम्हारे कृत्य से शहर में सद्भावना को ठेस पहुंची और शहर में साम्प्रदायिक वातावरण को बिगाड़ने का काम किया है। क्यों न आपको मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19 (1) (अ) के अनुसार पार्षद पद से मुक्त किया जाए। यह पत्र कादरी के निवास पर भी चस्पा किया गया है। कादरी को 25 अगस्त को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है।

# ‘इस्लाम कबूल करो, जन्नत मिलेगी’

## हिंदू लड़की से दोस्ती कर कलमा पढ़ाया

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

**मुस्लिम युवक ने सोशल मीडिया पर चैट कर हिंदू युवती को फंसाया और शादी के बहाने गुजरात ले गया। शादी के पहले उसने होटल में दुष्कर्म किया और बाद में लिखा-पढ़ी करवा ली। पूरी तरह जाल में फंस चुकी युवती का सात दिनों तक ब्रेनवाश कर इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया गया। मौलवी को बुलाकर इस्लाम की तारीफ की और कहा कि तुम्हें जन्नत मिलेगी।**

### शादी का प्रस्ताव रखा और कहा घर छोड़ दो

नंदानगर निवासी पीड़िता की तीन साल पूर्व सोशल मीडिया पर फाइटर राजपूत से दोस्ती हुई थी। वह उससे चैटिंग करने लगा। कुछ दिनों बाद उसने सोहिल राजपूत नाम बताया और घंटों तक बातचीत करने लगा। वह खुद को हिंदू ही बताता था।

करीब एक साल बाद उसने शादी का प्रस्ताव रखा और कहा कि तुम घर छोड़ दो। युवती 3 लाख रुपये कैश, मार्कशीट, आधार कार्ड और कपड़े लेकर घर से निकल गई। 21 जून को सोहिल रेलवे स्टेशन पर मिला और वह अहमदाबाद (गुजरात) ले गया।

### होटल ले गया और शारीरिक संबंध बनाए

सोहिल युवती को होटल ले गया और दो दिन तक शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह नेशनल मील चाल (अहमदाबाद) स्थित घर पर ले गया। उसने गुजराती में अनुबंध तैयार करवाया और पीड़िता से हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद उसे दोस्त सेजर के रामोल क्षेत्र स्थित प्लास्टिक कारखाना पर ले गया। 3 अगस्त को सोहिल पुनः अपने घर (नेशनल मील चाल रखियाल सोमा टेक्सटाइल) लेकर आ गया।

### अल्लाह के अलावा कोई भगवान नहीं, इस्लाम कबूलों जन्नत मिलेगी

सोहिल और उसकी मां शमा नाज फातिमा, पिता शाकीर इकबाल, भाई नदीम अख्तर, यासिर सहवर, शारिक, नदीम, भाभी गुलफ्शा, बहन शिवा जरीन मिली और एक सप्ताह तक इस्लाम धर्म के बारे में ब्रेनवाश किया गया। आरोपितों ने कहा कि इस्लाम बहुत खुबसूरत धर्म है। अल्लाह ही दुनिया में सबसे बड़ा है। अल्लाह के अलावा कोई भगवान नहीं है।

### धर्म और नाम बदलने का दबाव

इस्लाम कबूल करोगी तो जन्नत मिलेगी। जन्नत से खुबसूरत कोई जगह नहीं है। तुमको मुस्लिम बनना पड़ेगा। सोहिल इसके बाद ही तुमसे शादी करेगा। तुम्हें धर्म और नाम तो बदलना ही पड़ेगा। आरोपितों ने घर पर ही मौलवी को बुलाया और 8 अगस्त को सोहिल के चाचा-चाची सहित रिश्तेदार शोकत राजपूत, नजाकत राजपूत, गुलजार आदि ने अन्य एकत्र होकर इस्लाम कबूल करवा कर उसका नाम सना फातिमा कर दिया। जबरदस्ती कलमा पढ़ाया गया।

### पीड़िता के रुपयों से कपड़े-स्कूटर खरीदे

**पीड़िता के तीन लाख रुपयों से सोहिल ने कपड़े, स्कूटर खरीद लिया। पीड़िता को नजरबंद रखा जाता था। एक दिन उसने सोहिल के मोबाइल में अन्य लड़कियों की चैटिंग पढ़ी तो हिंदू लड़कियों से संबंध का खुलासा हुआ। सोहिल ने खुद स्वीकारा वह इसी तरह हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर उनका शोषण करता है।**

**परिवार से मिली खबर के बाद पुलिस गुजरात पहुंची और युवती को मुक्त करवाया। शनिवार को उसके कथन लेकर प्रकरण दर्ज कर लिया।**

# यादव समाज की पहल पर सर्व समाज मध्यस्थता केन्द्र का आयोजन




**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

**यादव समाज कोर कमेटी के आह्वान पर गांधी हाल में आयोजित कार्यक्रम में 40 सर्व समाजों के जागरूक लोग महापंचायत में आए। विषय था सामुदायिक मध्यस्थता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ग का जागरूक होना। यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव ने स्वागत भाषण देते हुए सभी समाजों और वर्गों से पधारे हुए प्रबुद्धजनों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि यादव समाज ने मध्यस्थता द्वारा 5300 से ज्यादा प्रकरणों को हल करके जो आदर्श प्रस्तुत किया है,उससे सभी समाजों को प्रेरणा लेना चाहिए, पंच परमेश्वर की हमारी पंचायती न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाना चाहिए,ताकि छोटे पारिवारिक मामलों का कोर्ट के बाहर ही निदान हो सके।**

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया एवं विधानसभा प्रिंसिपल सेक्रेट्री अवधेशप्रताप सिंह यादव ने वर्चुअल संदेश में कहा कि इंदौर में यादव समाज कोर कमेटी द्वारा संचालित सर्व समाज मध्यस्थता केंद्र का कार्य प्रशंसनीय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व न्यायाधीश डॉ. मोहम्मद शमीम ने कहा कि मध्यस्था से विवाद के मामले में दोनों पक्षों को जीतने के अवसर रहते हैं। यह सुगम प्रक्रिया है। 125 मध्यस्थ मास्टर ट्रेनर है, जहां आसानी सा आवेदन देकर दोनों पक्ष के विवादों के मामले में मध्यस्थ मास्टर बातचीत कर सुलह करा दिया जाता है। पक्षकार की इच्छा सर्वोपरि है। 120 साथी विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन आदि विभिन्न वर्ग के शामिल होकर न्यायिक प्रक्रिया में कार्य करते हैं। यादव समाज की पहल पर पहली बार सर्व समाज मध्यस्थता केंद्र शुरू हुआ। यह गांव-गांव तक पहुंचे। माफी मान लेने से बहुत मामले हल हो जाते हैं। आपने कहा कि वाणी का संयम जरूरी है, झगड़ों की जड़ वाणी है। झूठ, बुराई, शर्मिंदा कर





एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने से रिश्ते संबंध बिगड़ते है। परस्पर हम सब में समन्वय और मधुर संबंध होना चाहिए। श्री शमीम ने कहा कि हर 5- 6 छठी शादी फेल हो रही है। तलाक के प्रकरण बढ़ गए हैं। माता पिता से विवाद किए जा रहे हैं। ये सब समाज विखंडन की ओर ले जाते हैं। सभी धर्मों में सुलह को महत्वपूर्ण बताया गया है। कोर्ट जाने से बचे, और सामुदायिक मध्यस्था केंद्र पर जाकर विवाद को हल करे। अपने आसपास के कही के विवाद भी केन्द्र पर भेजे। राष्ट्र संत स्वामी सुधानंद योगी ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक एकता,समन्वय और मिलनसारिता से सारी समस्याओं का हल हो जाता है। आचार्य डॉ.सत्यपाल शास्त्री, विनोद बिड़ला, महंत राजनाथ योगी, रूपाली जैन (भिक्षुक कल्याण संघ), कैलाश शर्मा आदि अतिथियों ने भी संबोधित किया।

मध्यस्थ आरडी यादव ने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र इंग्लैंड और अमेरिका ने भी अपने यहां ज्यादा से ज्यादा मामले का निपटारा मध्यस्थता के जरिए किए है। जबकि यह व्यवस्था हमारे देश में पुरातन समय से बुजुर्ग जन बैठकर करते आए हैं। मध्यस्थ पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि मध्यस्था केंद्र सर्वसमाज के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विनोद बिड़ला, डॉ. अशोक यादव एमवाय सुप्रीटेंडेंट, नींबू पहलवान यादव,रमेश उस्ताद यादव, सुबीर यादव (पूर्व न्यायाधीश), डा.एस.के. यादव, डा. रमन यादव, रूपाली जैन (भिक्षुक कल्याण संघ), डॉ.लोकेश जोशी, कैलाश शर्मा, शहर काजी इशरत अली, फादर सायमन, अशोक यादव, आरसी यादव, डा. शरद पंडित, राधाकृष्ण चांदनीवाला, अतुल केकड़े, राजेंद्र धनोतिया, रवि माहेश्वरी, राकेश खंडेलवाल, दीपक शास्त्री,पप्पू सिलावट, पार्षद संजय चौधरी, पप्पी यादव (सोनकच्छ), मंजीतसिंह सलूजा, गम्मू कुरैशी पह., कासिम अली, शब्बीर हुसैन, निरंजनसिंह चौहान एड. आदि प्रबुद्धजन उपस्थित हुए। अतिथि स्वागत यादव समाज कोर कमेटी के मीडिया प्रभारी राजेश यादव, अमरसिंह यादव, मुकेश यादव, दिनेश यादव, वीरसिंह यादव, शिवमूरत यादव, नितिन यादव, महेंद्रसिंह यादव (गुड़गांव), तपन यादव, संतोष यादव, धुरंधर यादव, एमडी यादव, मनोज यादव, कविता यादव, कांता यादव, साधना यादव, संगीता यादव, सुषमा यादव, चेनसिंह यदुवंशी, सुखदेव यादव, विनय यादव, राजेश यादव, गौरव यादव,राम किशोर यादव, वैभव यादव, गब्बर वर्मा, उमेश यादव, जितेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी यादव, लखन यादव ने किया एवं आभार चेनसिंह यादव ने माना।

## इंदौर पहुंचे मोहन भागवत ने जताई चिंता

# 'अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सामान्य आदमी के पहुंच से बाहर'

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

**गुरुजी सेवा न्यास का कैंसर केयर सेंटर के लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक सरसंघ चालक मोहन भागवत ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा समाज की आवश्यकता है। ज्ञान के लिए शिक्षा और ज्ञान पाने के लिए स्वस्थ शरीर जरूरी है। दुर्भाग्य है कि अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा सामान्य आदमी के पहुंच से बाहर है। यह काम पहले सेवा के नाते किए जाते थे, लेकिन अब स्वास्थ्य और शिक्षा भी व्यावसायिक हो गई है। पहले शिक्षा देना कर्तव्य माना जाता था।**

उन्होंने बताया कि बचपन में मुझे मलेरिया हो गया था। तीन दिन मैं स्कूल नहीं गया तो शिक्षक घर आए। वे मेरे लिए जंगल में जाकर जड़बूटी ले आए। उन्हें चिंता था कि जो छात्र मेरे पास आया है। वो स्वस्थ भी रहना चाहिए समाज को सहज सुलभ चिकित्सा चाहिए। कॉरपोरेट का जमाना है। अब शिक्षा हब बन चुके हैं। भागवत ने कहा कि शिक्षा के लिए छात्रों को दूर जाना पड़ता है।

अच्छी चिकित्सा के लिए भी बड़े शहरों में जाना पड़ता है। देश को कम खर्च वाली और सहज सुलभ चिकित्सा चाहिए। इलाज चिंता की बीमारी नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम का दृष्टिकोण यह है कि एक ही बात दुनिया पर लागू करना। विदेश में चिकित्सा पर हुई रिसर्च सब जगह लागू नहीं हो सकती, क्योंकि विश्व में विविधता है। किसी को नैचुरोपैथी से फायदा होता है तो किसी को होम्योपैथी से फायदा होता है।

कोई एक पैथी सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकती। भारतीय चिकित्सा पद्धति मरीजों का व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार इलाज करती है। 8-10 भारतीय शहरों में अच्छी कैंसर देखभाल उपलब्ध है। सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता है। बीमारियां सनातन हैं, जब मनुष्य समाप्त



होगा, तभी बीमारियां खत्म होंगी। इंदौर में इस प्रकल्प के माध्यम प्रशंसनीय काम हो रहा है, लेकिन मन में यह न आए कि हम तीस मार खां है। हमें सेवा का अवसर मिला है इसे लगातार करते रहना होगा। नेकी करो कुएं में डालो, छोटे छोटे कदम लेकर आगे बढ़ना अच्छी बात है। इस कार्य के लिए अपने प्रति धन्यता का, गर्व का भाव रहे, लेकिन अहंकार नहीं आना चाहिए।

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

शुद्ध मावे की मिठाइयों के निर्माता एवं विक्रेता
श्री चारभुजा
स्वीट्स एवं नमकीन
गुलाब जामुन, मावाबाटी, काला जामुन, रसगुल्ला इत्यादि
66/2/9, नेहरू नगर, अटल द्वार, इंदौर
शाखा : 60, न्यू देवास रोड, राजकुमार ब्रिज, इंदौर

# बॉडी वॉर्न कैमरों के साथ सड़क पर ट्रैफिक पुलिस

## पेंडिंग चालान वालों की गाड़ियां हो रहीं जप्त

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों को देखते हुए यातायात पुलिस ने एक और सख्त कदम उठाया है। शहर के 15 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी अब बॉडी वॉर्न कैमरों के साथ तैनात किए जा रहे हैं। इन कैमरों से सिग्नल जम्प और अन्य ट्रैफिक नियम उल्लंघनों की रिकॉर्डिंग की जा रही है और आईटीएमएस को भेजकर तत्काल चालानी कार्रवाई की जा रही है। आज से इंदौर में पेंडिंग चालान वालों की गाड़ियां जप्त करना भी शुरू कर दी गई हैं। ट्रैफिक पुलिस ने चार गाड़ियां पकड़ ली हैं, जिनके दस से अधिक चालान पेंडिंग हैं।





### ये है नया प्रयोग

एडिशनल ट्रैफिक डीसीपी संतोष कौल ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने उन चौराहों को चिन्हित किया है जहां सबसे ज्यादा नियम तोड़े जाते हैं और आईटीएमएस द्वारा चालान बनते हैं। जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हर ट्रैफिक जोन से 4-4 प्रमुख चौराहों को चुना गया है। इन पर सबसे कुशल ट्रैफिक टीमों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी ट्रैफिक जवानों को बॉडी वॉर्न कैमरा पहनना अनिवार्य किया गया है ताकि हर स्थिति की निगरानी की जा सके। साथ ही, नियम तोड़ने वालों की तस्वीरें मोबाइल कैमरों से भी लेकर आईटीएमएस पोर्टल को भेजी जाएंगी। कुछ ऐसे चौराहे भी चयनित किए गए हैं जहां आईटीएमएस कैमरे नहीं हैं, जिससे इन बॉडी कैमरों की अहम भूमिका और बढ़ जाती है।

### एक हफ्ते की विशेष निगरानी

यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान एक हफ्ते तक लगातार चलाया जाएगा। पूरे सप्ताह की मॉनिटरिंग के बाद परिणामों की समीक्षा की जाएगी और फिर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### पहले भी हो चुका है प्रयोग

इससे पहले भी इंदौर पुलिस ने 'रियल टाइम एक्शन' मॉडल के तहत चालानी कार्रवाई की थी, जिसमें एक चौराहे पर नियम तोड़ने वाले की सूचना अगले चौराहे पर तैनात टीम को दी जाती थी। वहां पुलिस उसे रोककर चालान करती थी। हालांकि संसाधनों की कमी और वीआईपी मूवमेंट के चलते यह मॉडल ज्यादा प्रभावी नहीं हो पाया था। इस अभियान का मकसद शहर में ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सड़क हादसों में कमी लाना है। अगर यह प्रयोग सफल होता है, तो इसे पूरे शहर में लागू किया जाएगा।

**इन १५ चौराहों पर होगा सख्त फोकस**

1. मरीमाता
2. चंदन नगर
3. टाटा स्टील चौराहा
4. विजय नगर
5. रसोमा
6. एलआईजी
7. रोबोट चौराहा
8. पलासिया
9. कृषि कॉलेज
10. व्हाइट चर्च
11. गीता भवन
12. आईटी पार्क
13. भंवरकुआं
14. चोइथराम
15. महूनाका

# संभाग पोस्ट सामाजिक दृढ़ता संकल्प अभियान

## अब आपकी आवाज होगी बुलंद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संग

आज के समाज में हम देख रहे हैं की शहरी परिवेश की बात करें या ग्रामीण परिवेश की आज के परिवेश में व्यक्ति अकेला पड़ता जा रहा है। आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल करते-करते अपने आप को अकेला महसूस करता है , जब उसके ऊपर ऐसी कोई विपत्ति आती है की जब उसके परिवारजन या मित्र बंधु उसका साथ दे। तब वह पता है कि वह अकेला खड़ा है। यह आज के समाज का सत्य है। यह भारत के ७० प्रतिशत लोगों की सच्चाई है वह किसी भी प्रकार की समस्या में हो चाहे पारिवारिक या मानसिक, सामाजिक, प्रशासनिक या चिकित्सकीय हो ऐसी किसी भी समस्या में वह पाता है कि वह अकेला है। और यदि ऐसे मे किसी मोड़ पर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो तब वह नीरस हो जाता है, और किसी न किसी प्रकार की गलती कर बैठता है । समाज की ऐसी सबसे बड़ी समस्या को लेकर हमने सामाजिक दृढ़ता संकल्प का अभियान चलाया है जिसके तहत हम उन सभी ऐसे लोगों के साथ खड़े हुए हैं जो हमसे जुड़ेंगे तथा वे लोग जो हमसे किसी न किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं , हमारा प्रयास यह होगा कि ऐसी किसी भी समस्या में हम उनके साथ खड़े हो जिस जगह पर वह सही है और उन्हें व्यवधान,समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में संभाग पोस्ट परिवार उनके साथ खड़ा है।

■समाज में एक कहावत प्रचलित है सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता,

■ईश्वर की इसी प्रेरणा को हमारे मीडिया चैनल हमारे अखबार ने आत्मसात किया है और हम उन सभी समाज जनों के साथ खड़े हैं जिनके साथ सत्य है।

■ईश्वर सत्य का साथ देने वाले उनके अनुयायियों की सहायता करने स्वयं नहीं आते किंतु किसी न किसी माध्यम से सत्य का साथ दे रहे व्यक्ति की सहायता जरूर करते हैं।

■हम अपने आप को धन्य समझते हैं कि हमने यह मुहिम चलाई है जिसके तहत यदि आपके साथ सत्य है तो हम आपके साथ सदा खड़े हुए हैं


■हमारे चैनल और हमारे अखबार से जुड़े हुए सभी सदस्य गण जिनकी किसी भी प्रकार की परेशानी अब उनकी नहीं वह हमारी है।

■जब समाज दृढ़ होगा, सत्य की विजय होगी जब एकता और समान व्यवहार और ज्ञान होगा तब हमारा समाज एक नए भारत का दृढ़ निश्चय भारत का निर्माण कर पाएगा

■यदि आपका काम, स्वयं आप और आपका विचार, सत्य के साथ है तो वह आपका नहीं अपितु वह हमारा विचार होगा , क्योंकि आप भारत के चौथे स्तंभ मीडिया के साथ है

■अब आम आदमी की आवाज आम आदमी की नहीं अपितु उसके साथ हमारी भी आवाज होगी इसलिए आपसे निवेदन है कि हमारे साथ शीघ्र से शीघ्र जुड़े और अपनी आवाज को एक नया आयाम दें और अपने समाज को अपने परिवार को और अपने देश को सशक्त बनाएं

■हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको कोई नया प्रयास नहीं करना केवल सामाजिक दृढ़ता संकल्प संभाग पोस्ट अभियान का एक फॉर्म भरना है



**विचार न कीजिए तुरंत संपर्क करें**
**क्योंकि दृढ़ होगा समाज तो सशक्त होगा भारत और खुशहाल होगा हमारा परिवार**
**सत्यम,शिवम्,सुंदरम। सत्यमेव जयते**
**भारत माता की जय वंदे मातरम**

# मालवा-निमाड़ में मानसून गायब, किसान बेहाल, सोयाबीन पर कीटों का कहर

■ इंदौर । नगर प्रतिनिधि

**मालवा और निमाड़ अंचल इस बार मानसून की बेरुखी से जूझ रहा है। वर्षाकाल को डेढ़ माह बीत चुका है, लेकिन अब तक इस पूरे क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। सावन माह भी बारिश के बिना और गर्मी के बीच गुजर रहा है। मौसम की यह स्थिति किसानों के लिए बड़ी चिंता का कारण बन गई है। खेतों में फसलें मुरझा रही हैं, वहीं खर्चीली सोयाबीन की फसल पर कीट प्रकोप की समस्या भी उभरने लगी है।**

### मानसून का बिगड़ा मिजाज, गिरता बारिश स्तर

मौसम विभाग के अनुसार इंदौर में 1990 से 2010 के बीच औसतन 46 बारिश के दिन होते थे, लेकिन हाल के वर्षों में यह आंकड़ा तेजी से घटा है। जलवायु परिवर्तन के पीछे विकास की अंधी दौड़, हरियाली का क्षरण, और शहरीकरण को प्रमुख कारण माना जा रहा है। बाग-बगीचों की जगह कंक्रीट की सड़कों और इमारतों ने ले ली है, जिससे पर्यावरणीय असंतुलन गहराता जा रहा है।

### पांच लाख पेड़ कटे, स्मृति मार्ग और मिल क्षेत्र में भी पेड़ों की बलि

छ्ळऊ इंदौर की रिपोर्ट के अनुसार बीते कुछ वर्षों में शहर में पांच लाख से अधिक पेड़ों की कटाई हो चुकी है। कभी स्मृति मार्ग और हुकमचंद मिल परिसर हरे-भरे जंगल जैसे दिखते थे, लेकिन चौड़ी सड़कों और मेट्रो परियोजनाओं के चलते इन क्षेत्रों में हजारों पेड़ों की बलि दी गई है। मेट्रो निर्माण के दौरान रानी सराय और अहिल्या लाइब्रेरी के पास भी 1240 पेड़ों को हटाने की योजना है, जिसमें 1202 पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जाएगा।

### पर्यावरणविद बोले- विकास की योजनाएं प्रकृति के साथ चलें

पर्यावरणविद् डॉ. ओ. पी. जोशी ने बताया कि इंदौर में जिस तेजी से शहरी विस्तार हुआ है, उससे हरित क्षेत्र सिमटता गया है। जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है और सीमेंट की सड़कों के कारण बारिश का पानी जमीन में समाने की जगह बहकर निकल जाता है। उन्होंने चेताया कि एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स 4.9 पर पहुंचना खतरे की घंटी है और यह दर्शाता है कि विकास की योजनाएं बिना पर्यावरण संरक्षण के बनाई जा रही हैं।

### तालाब, कुएं और बोरिंग भी सूखने लगे

अल्पवर्षा के चलते शहर के जल स्त्रोतों की हालत भी बिगड़ गई है। कई तालाब, कुएं और बोरिंग का जल स्तर गिर गया है। भूजल की चौथी परत, जो लगभग 440 फीट गहराई पर है, वहां तक पानी नहीं पहुंच रहा। शहर की जलापूर्ति का भविष्य अब नर्मदा जल परियोजना पर ही टिका हुआ है।

### बारिश के आंकड़े और आने वाले दिनों की संभावना

सावन माह की शुरुआत 11 जुलाई से हुई थी। 6 अगस्त तक इस महीने में केवल 138.2 मिमी (5.5 इंच) बारिश हुई है, जिसमें 11 दिन पूरी तरह सूखे रहे और केवल चार दिन ही आधा इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई। पूरे वर्षा काल में अब तक 292.9 मिमी (11.5 इंच) बारिश हुई है, जो औसत से 209.9 मिमी कम है। मौसम विभाग के मुताबिक 10 अगस्त के बाद ही अच्छी बारिश की संभावना है, फिलहाल हल्की बूंदाबांदी जारी रह सकती है।

### किसानों की चिंता बढ़ी, फसलों पर कीटों का हमला

उज्जैन के किसान धर्मेंद्र पांचाल के अनुसार बारिश नहीं होने से सोयाबीन की फसल में इल्लियों का प्रकोप बढ़ गया है। मक्का और सब्जियों में भी कीट लगने की समस्या सामने आ रही है। गर्मी के कारण फसलें सूखने लगी हैं। किसान अब रबी फसलों को लेकर भी चिंतित हैं।

**इस सीजन में 5 मिलीमीटर से अधिक वर्षा वाले दिन**

**जून 2025**

| तारीख | वर्षा |
|---|---|
| 3 जून | 8.0 |
| 19 जून | 11.9 |
| 24 जून | 14.7 |
| 26 जून | 68.5 |
| 27 जून | 5.6 |

(जून माह में कुल वर्षा 135.4 मिलीमीटर)

**जुलाई 2025**

| तारीख | वर्षा |
|---|---|
| 6 जुलाई | 6.1 |
| 13 जुलाई | 10.4 |
| 21 जुलाई | 19.0 |
| 25 जुलाई | 23.0 |
| 26 जुलाई | 44.5 |
| 27 जुलाई | 9.6 |
| 29 जुलाई | 14.6 |

(जुलाई माह में कुल वर्षा 154.3 मिलीमीटर)

**अगस्त 2025**

| तारीख | वर्षा |
|---|---|
| 1 | 00 |
| 2 | 1.2 |
| 3 | 0.6 |
| 4 | 1.4 |



# इंदौर में आदिवासी दिवस पर निकली बड़ी रैली, पारंपरिक गीतों पर नाचे युवा

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर में हर साल आदिवासी दिवस पर रैली निकाली जाती है। इस बार रक्षाबंधन भी था। माना जा रहा था कि पर्व के कारण भीड़ कम होगी, लेकिन इस बार भी बड़ी संख्या में रैली में लोग शामिल हुए। रैली का एक सिरा कलेक्टर कार्यालय के समीप था तो दूसरा सिरा कर्बला मैदान तक था। रैली लालबाग परिसर से शुरू हुई। युवक-युवतियां मांदल की थाप पर पारंपरिक नृत्य करते हुए चल रहे थे। वे पारंपरिक परिधानों में ही रैली में शामिल हुए। रैली में डीजे वाहन भी थे। जिन पर लोक गायकों के भजन बजाए जा रहे थे और पीछे युवक डांस कर रहे थे। अमू काका बाबा न पोयरा...गीत पर नृत्य किया गया। इस रैली में शामिल होने के लिए इंदौर के अलावा महू, मानपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग आए थे। कई आदिवासी युवक-युवतियां इंदौर में पढ़ाई के लिए रहते है। वे रक्षाबंधन पर गांव नहीं गए और रैली मे शामिल होने के लिए इंदौर में ही रुके रहे। रैली का स्वागत करने के लिए जगह-जगह मंच भी लगाए गए थे। इस रैली में जयस सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

APPLIED FORENSIC SCIENCE LABORATORY
Email: afslindore23@gmail.com Mobile No: +91 9366381689 +91 9977649317
SERVICES
• Handwriting Examination.
• Signature Examination.
• Fingerprint Examination.
• Deleted Data Recovery from Mobile Phones, Hard Drive.
• Laptop, Desktop Computer, Pen drive.
• Complete Examination of Digital Instrument i.e. Mobile.
• phones, Laptop, Desktop Computers, in case of Hacking.
• Voice Analysis and Voice Comparison.
• Examination of Alteration in any Documents.
• Examination of Erased Writing.
• Examination of Audio Clips and Video Clips.
• Preparation of Fingerprint Records for Corporate Offices.
• Examination of Arson Cases.
• DNA Examination for Paternity and Maternity.
• Forensic Consultancy.
• Forensic Investigation of Insurance Claims.
• Property Investigation.
• Crime Scene Investigation.
• Audio Transcription.
FORENSIC EXPERT
Rakesh Mia +91 93663 81689
Vijay Panchal +91 9977649317
Head Office: Applied Forensic Science Laboratory, 8/1, 2nd foor, Moti Tabela, Near Collectorate Office, Indore, MP, 452007
Branch Office: Chandra Forensic Science lab, Chandigarh/New Delhi

KP ।। श्री गणेशाय नमः।।
संदीप पवार
Mob :-98260-68380
न्यू नर्मदा ट्रेडर्स
सीमेन्ट
बालू रेती
काली रेती, गिट्टी
ईंट एवं बिल्डिंग मटेरियल के विक्रेता
4, मंगलनगर, आई.टी.आई. रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, पेट्रोल पम्प के पहले, इन्दौर (म.प्र.)

रामसेवक दुबे
9406621084
पूजा बुक्स एण्ड स्टेशनर्स
CBCE स्कूल बुक्स
चिल्ड्रन बुक्स
ऑफिस स्टेशनरी
कम्प्यूटर स्टेशनरी
स्कूल स्टेशनरी एवं
गिफ्ट आयटम
6/3, सुंदर अपार्टमेन्ट, क्लर्क कालोनी चौराहा, श्री सत्य सांई बाल विनय मंदिर के सामने, इन्दौर मों

राहुल जनरल स्टोर्स
शॉप नं. 3 मालवा मिल चौराहा, इंदौर
मो. 9977732802

# फ्लायओवर बनाने में लेटलतीफी पड़ रही भारी, रोज लग रहा जाम, हो रहे

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

**सत्यसाईं चौराहे पर फ्लायओवर निर्माण कार्य शुरू हुए 18 महीने हो चुके हैं, लेकिन अब तक केवल 10 प्रतिशत कार्य ही हो पाया है। कुल 13 पिलर में से सिर्फ 6 के फाउंडेशन बने हैं। सत्यसाईं चौराहे पर फ्लायओवर निर्माण का कार्य शुरू हुए अब डेढ़ साल बीत चुका है, लेकिन अब तक केवल 10 प्रतिशत काम ही हो पाया है। हालात यह हैं कि अभी तक पूरा फाउंडेशन भी तैयार नहीं किया जा सका है। कुल 13 पियर बनाए जाने हैं, लेकिन इनमें से महज 6 पियर के फाउंडेशन पर ही आंशिक कार्य हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि निर्माण एजेंसी इस प्रोजेक्ट के लिए जरूरी संसाधन नहीं जुटा पा रही है।**



### रोज जाम और हादसे

शहर का मुख्य चौराहा होने से यहां पर रोज जाम लगता है। बारिश में कीचड़ और फिसलन होने की वजह से हादसे भी बढ़ गए हैं। आसपास की सर्विस रोड पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की वजह से वाहनों के निकलने की जगह नहीं बचती। इस वजह से यहां पर लगातार हादसे हो रहे हैं।

### कम स्टाफ और मशीनों की कमी से अटका काम

इंदौर और पीथमपुर के तीन बड़े प्रोजेक्ट्स पर मिलाकर केवल 20 श्रमिक कार्यरत हैं, जबकि प्रत्येक साइट पर कम से कम 70-80 श्रमिकों की आवश्यकता है। मशीनों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति में भी गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। 75 प्रतिशत समय बीत चुका है, लेकिन अब तक 10 प्रतिशत कार्य भी नहीं हुआ है। आश्चर्यजनक रूप से साइट पर मजदूरों से ज्यादा संख्या में सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। अब तक तीन बार प्रोजेक्ट हेड को बदला जा चुका है, लेकिन प्रगति नगण्य है।

### एप्रोच रोड पर आंशिक कार्य, लेकिन गर्डर लॉन्च अभी दूर

निर्माण एजेंसी ने देवास नाका की तरफ की भुजा पर पूरी सड़क को डायवर्ट कर कार्य शुरू कर दिया है ताकि एप्रोच रोड तैयार हो सके। हालांकि, अभी तक पियर के ऊपर बनने वाली पियर कैप भी नहीं डाली गई है। वहीं विजय नगर तरफ की भुजा में अब भी जमीन के अंदर ही फाउंडेशन का कार्य किया जा रहा है। जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि वर्ष के अंत तक भी गर्डर लॉन्चिंग संभव नहीं दिखती।

### मंत्री के सामने पेश किए गए थे गलत आंकड़े, मार्च 2026 है डेडलाइन

फरवरी में जब लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने रेसीडेंसी में बैठक ली थी, तब एमपीआरडीसी द्वारा सत्यसाईं और आईटी पार्क चौराहे के निर्माण कार्यों की गलत प्रगति रिपोर्ट पेश की गई थी। सत्यसाईं फ्लायओवर की प्रगति 36 प्रतिशत बताई गई थी, जबकि वास्तविकता में यह केवल 8 प्रतिशत के आसपास थी। वित्तीय प्रगति भी 31 प्रतिशत दर्शाई गई, जो भ्रामक थी। यह फ्लायओवर 62 करोड़ रुपए की लागत से छह लेन का बनाया जा रहा है, जिसके लिए 15 मार्च 2024 को वर्क ऑर्डर जारी हुआ था और कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य है। फिलहाल 90 प्रतिशत कार्य बाकी है और मात्र 7 महीने शेष हैं।



## श्री एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था के भाइयों ने रक्षा बंधन पर महाराष्ट्र की अज्ञात बहन का अंतिम संस्कार किया

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर प्रत्येक क्षेत्र में अपनी कार्य श्रेणियों से नंबर वन बन रहा हे,इसी तारतम्य में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महाराष्ट्र की एक बहन का अंतिम संस्कार कर भाई होने का फर्ज निभाया। बाणगंगा थाना क्षेत्र के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात लावारिस बहन जिसकी उम्र महज 33 वर्ष की हे ,ओर महाराष्ट्र की निवासी हे, जिसका कोई परिजन नहीं मिलने पर इंदौर की श्री एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था के नरेंद्र वर्मा को अंतिम संस्कार के लिए सूचना दी गई।सूचना मिलते पर नरेंद्र वर्मा ने सुनील ठाकुर, सनी जैसवाल, विवेक पिपले ,भगवान दास महोबिया, कृष्णा सोनी, प्रदीप गुर्जर, रामगोपाल श्रीवास्तव के साथ पंचकुइया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार का निर्णय किया।संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से विधि विधान से इस अज्ञात बहन का अंतिम संस्कार किया गया।ओर रक्षा बंधन के पुण्य पर्व पर अज्ञात बहन के भाई बन कर उनको मोक्ष प्राप्ति हेतु कार्य किया।विगत 3 वर्षों से संस्था के द्वारा अज्ञात लावारिस एवं निर्धन व्यक्तियों का अंतिम संस्कार पूर्ण रूप उनके धर्म अनुसार पूरे विधि विधान से निशुल्क किया जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स और रेबीज मामलों पर लिया स्वतः संज्ञान

# महापौर ने निर्णय का स्वागत किया, इंदौर जैसे बड़े शहरों के लिए भी मांगे दिशा-निर्देश

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

देश में कुत्तों के काटने और रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस रिपोर्ट को 'बेहद चिंताजनक और परेशान करने वाला' बताते हुए कहा कि इसमें कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। हर दिन सैकड़ों डॉग बाइट के मामले दर्ज हो रहे हैं, जिससे खासकर बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं। कोर्ट ने इस रिपोर्ट और अपने आदेश को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।



इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा,

'मैं लगातार यह कहता रहा हूं कि माननीय उच्चतम न्यायालय के पूर्व आदेशों के कारण नगर निगमों के हाथ बंधे हुए थे। अब आशा की किरण नजर आती है, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं संज्ञान लेकर स्ट्रीट डॉग्स के मामले को गंभीरता से लिया है।'

उन्होंने बताया कि कोर्ट ने पहले चरण में एनसीआर क्षेत्र में 5,000 से अधिक आवारा कुत्तों को शेल्टर हाउस में स्थानांतरित करने का निर्णय सुनाया है। महापौर

# विकास के साथ विरासत भी सुरक्षित रहे- महापौर

### मेट्रो स्टेशन निर्माण में गुमटी व खेल कार्यालय विस्थापन पर महापौर सख्त

ने विश्वास जताया कि यह दिशा-निर्देश केवल एनसीआर तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि देश के अन्य नगर निगमों में भी लागू होंगे, जिससे डॉग बाइट के मामलों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

महापौर भार्गव ने कहा,'यदि यह निर्देश केवल एनसीआर के लिए है तो इंदौर नगर निगम सुप्रीम कोर्ट में इंटरवेंशन एप्लिकेशन दायर करेगा और इंदौर की स्थिति भी न्यायालय के समक्ष रखेगा। हम अनुरोध करेंगे कि इंदौर जैसे बड़े शहरों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। नगर निगम शेल्टर हाउस बनाकर वहां डॉग्स को शिफ्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है।' महापौर ने प्रसन्नता जताई कि पुराने आदेशों के संदर्भ में अब नई दिशा खुल रही है, जिससे स्ट्रीट डॉग्स की समस्या के समाधान की राह आसान हो सकेगी।









'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत

# इंदौर पुलिस ने स्कूल के बच्चों एवं युवाओं के साथ मिलकर निकाला, तिरंगा मार्च पास्ट





**लोगों में देश के गौरव तिरंगे के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से, सड़को पर तिरंगा लेकर निकले स्कूली बच्चें व पुलिसकर्मी... स्कूली बच्चों ने भी इस अभियान से जुड़कर स्वच्छता का ध्यान रखते हुए ही, देशभक्ति के इस महापर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने का लिया संकल्प।**



**इंदौर । संभाग पोस्ट**

हमारे देश की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगे को पूरे गौरव व सम्मान के साथ देशभर में हर घर पर फहराया जाए, और स्वतंत्रता का ये महापर्व स्वच्छता का भी पर्व बनें इसी को ध्यान में रखते हुए देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोडने और उन्हें देश की आजादी व स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश से शासन के निर्देशानुसार, 'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान' का आयोजन 11 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा विभिन्न संगठनों आदि के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में दिनांक 12.08.25 को पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्री प्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम) श्री राजेश दंडोतिया, रक्षित निरीक्षक श्री दीपक कुमार पाटील व खेल एवं युवक कल्याण विभाग के पदाधिकारियों एवं अन्य पुलिस अधिकारियों सहित, पीटीसी इंदौर के प्रशिक्षु नव आरक्षकों विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित करीब 1200 लोगो के साथ में इन्दौर पुलिस ने एक तिरंगा यात्रा मार्च पास्ट निकाला गया, जिसें डीसीपी हेडक्वार्टर श्री प्रकाश परिहार ने हरी झंडी देकर रवाना किया । इस अवसर उन्होंने सभी से कहा कि देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोडने और उन्हें देश की आजादी के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिये चलाये जा रहे उक्त अभियान की उद्देश्य पूर्ति हेतु ही हम सब यहां इकट्ठे हुए है। तो हम सभी ये संकल्प ले कि, हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों के साथ मिलकर अपने घरों पर पूरे गर्व व सम्मान के साथ फहराएं और पूरे हर्षोउल्लास और स्वच्छता का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय पर्व मनाएं। उक्त तिरंगा यात्रा मार्च पास्ट डीआरपी लाईन इंदौर से शुरू होकर, नगर निगम चौराहा, कृष्णापुरा छत्री होते हुए राजवाड़ा पर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों व स्कूल के बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगा थामकर देश प्रेम के नारों के साथ लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने एवं इस तिरंगा अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें इसके लिए ये जागरूकता यात्रा पूरे जोश उत्साह के साथ निकाली गई और लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र का गौरव तिरंगा घर पर जरूर फहराएं।

# एक ही दिन में तीन युवकों की रहस्यमयी मौत, पुलिस भी हैरान

शहर में सोमवार को आत्महत्या के तीन अलग-अलग मामले सामने आए। तीनों घटनाओं में मृतक घर पर अकेले थे और किसी ने भी सुसाइड नोट नहीं छोड़ा। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है। तीनों ही मामलों में पुलिस को सुसाइड का अभी कोई स्पष्ट कारण नजर नहीं आ रहा है।

### पहला मामला - परदेशीपुरा थाना क्षेत्र

नंदानगर निवासी सूरज (35) पुत्र प्रकाश जादव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार रात करीब 9 बजे पिता जब ऑटो पार्ट्स की दुकान से लौटे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांकने पर सूरज फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और बड़े भाई दीपक मौके पर पहुंचे। दीपक के अनुसार सूरज सिलाई का काम करता था और अविवाहित था। उसने कभी तनाव या कर्ज की बात नहीं की थी। घटना के समय मां रिश्तेदारी में गई हुई थीं। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### दूसरा मामला - राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र

बुद्ध नगर पानी की टंकी के पास रहने वाले सुरेश (35) पुत्र मधुकर राव पाटिल ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। वह किसी निजी संस्था में कार्यरत था और घटना के समय घर पर अकेला था। सुरेश का एक भाई अलग रहता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### तीसरा मामला - शीलनाथ कैंप, परदेशीपुरा थाना क्षेत्र

यहां 18 वर्षीय गोलू शाक्यवार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोस्त उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उसकी मां बाजार गई हुई थी। लौटकर आने पर उन्होंने बेटे को फंदे पर लटका देखा। गोलू रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करता था। उसका एक भाई गुजरात में नौकरी करता है, जबकि अन्य भाई-बहन भिंड जिले के गांव में रहते हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डॉ. हिमांशु केलकर
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
मो. 9202238451
क्लिनिकः 20 जी/एच., गीतांजलि अपार्टमेन्ट, मार्केट रोड, विजय नगर
स्कीम नं. 54, इंदौर (म.प्र.) Email : himanshukelkar@rediffmail.com
समय : प्रातः 10.30 से 1.30 बजे, सायं 5.30 से 8.30 बजे तक
निवास : 7-बी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड, इंदौर

श्री रवि इत्र सुगन्ध भण्डार
गुलाब, मोगरा, चन्दन, परफ्यूम इत्यादि के थोक एवं खेरची विक्रेता
प्रोपायटर : रवि सुगन्धी
मो. 9452665448
पताः हीरानगर, मेनरोड, सुखलिया, मिलन गार्डन के पास, इन्दौर

RAVI S. SAHU
Managing Director
+91-98260-77714
स्वाद का जादू-जागे घर घर...
रवि®
मसाले बस चुटकी भर...
मसाले एवं पापड़
RAVI HOME INDUSTRIES
12, Nirmal Nagar, Piplyahana, Indore - 452 001, Ph. : 0731-2490449
Web : www.ravihomeind.com | E-mail : ravisahurhi@gmail.com

कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948